**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 580**
**गुरूवार, 2 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)**

**रोजगार कार्यालयों में आरक्षित श्रेणी के पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या**

**580. श्रीमती कान्ता कर्दमः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत दिव्यांग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान विशेष रूप से उपरोक्त श्रेणियों के कुल कितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया है;

(ग) क्या इन श्रेणियों के लिए आरक्षित कोटा नियमित रूप से भरा जा रहा है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) एवं (ख): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, रोजगार चाहने वालों, जिसमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, जिन्होंने रोजगार कार्यालयों में अपना पंजीकरण कराया और देश के रोजगार कार्यालयों के माध्यम से उपलब्ध सीमा तक नियोजन प्राप्त किया, का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार संख्या, का विवरण अनुबंध I और II में दिया गया है।

(ग) एवं (घ): रोजगार कार्यालयों का प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के पास है। रोजगार कार्यालय नियोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार अधिसूचित रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों को प्रायोजित करते हैं। पदों को भरने और समय-समय पर केंद्र/राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए आरक्षण नियमों/ दिशानिर्देशों का पालन करने का उत्तरदायित्व नियोक्ता/भर्ती संगठन का है।

*****

अनुबंध-I

राज्य सभा के दिनांक 02-12-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 580 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

सीएनवी अधिनियम 1959 के तहत संकलित देश में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार विवरण।

(हजार में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार | अनुसूचित जाति (अजा) | | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2016** | **2017** | **2016** | **2017** | **2016** | **2017** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 255.88 | 257.80 | 40.90 | 46.50 | 385.72 | 415.78 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1.36 | 1.39 | 29.28 | 31.66 | 1.07 | 1.08 |
| 3 | असम | 122.02 | 133.73 | 273.99 | 286.20 | 318.91 | 332.97 |
| 4 | बिहार | 109.90 | 109.59 | 8.36 | 8.47 | 247.52 | 247.18 |
| 5 | छत्तीसगढ | 173.29 | 185.93 | 371.23 | 393.47 | 434.01 | 488.04 |
| 6 | दिल्ली | 90.11 | 90.11 | 19.94 | 19.94 | 27.32 | 27.32 |
| 7 | गोवा | 3.38 | 3.38 | 5.443 | 5.443 | 11.26 | 11.26 |
| 8 | गुजरात | 107.21 | 101.38 | 81.46 | 79.71 | 6.35 | 6.32 |
| 9 | हरियाणा | 189.34 | 175.80 | 0.03 | 0.04 | 50.80 | 48.85 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 198.05 | 201.90 | 45.97 | 45.52 | 91.72 | 97.51 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 6.22 | 6.22 | 4.93 | 4.93 | 1.19 | 1.19 |
| 12 | झारखंड | 65.77 | 64.76 | 89.66 | 85.06 | 156.00 | 159.79 |
| 13 | कर्नाटक | 101.29 | 101.77 | 23.37 | 23.36 | 14.99 | 15.08 |
| 14 | केरल | 625.63 | 616.54 | 44.37 | 45.98 | 1587.33 | 1525.36 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 290.99 | 306.95 | 248.04 | 254.65 | 491.26 | 537.48 |
| 16 | महाराष्ट्र | 549.60 | 544.75 | 133.01 | 132.83 | 932.57 | 921.34 |
| 17 | मणिपुर | 9.54 | 8.91 | 233.12 | 226.60 | 19.31 | 18.09 |
| 18 | मेघालय | 0.09 | 0.08 | 34.06 | 34.83 | 0.05 | 0.02 |
| 19 | मिजोरम | 0.00 | 0.00 | 32.87 | 37.95 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | नागालैंड | 0.21 | 0.21 | 67.05 | 66.18 | 0.00 | 0.00 |
| 21 | ओड़िशा | 193.55 | 192.37 | 157.13 | 157.49 | 124.26 | 125.51 |
| 22 | पंजाब | 108.97 | 107.26 | 0.00 | 0.00 | 10.16 | 11.40 |
| 23 | राजस्थान | 115.30 | 123.47 | 73.87 | 74.76 | 202.15 | 224.95 |
| 24 | सिक्किम* | - | - | - | - | - | - |
| 25 | तमिलनाडु | 1801.71 | 1816.17 | 66.03 | 66.46 | 4882.16 | 4976.79 |
| 26 | तेलंगाना | 266.40 | 266.61 | 107.33 | 104.44 | 314.32 | 317.19 |
| 27 | त्रिपुरा | 99.91 | 100.85 | 130.79 | 131.66 | 45.79 | 46.61 |
| 28 | उत्तराखंड | 141.78 | 138.01 | 34.31 | 32.55 | 97.17 | 90.95 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 551.61 | 493.52 | 5.43 | 5.45 | 818.80 | 787.00 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 921.13 | 920.49 | 193.53 | 193.10 | 284.34 | 283.88 |
| 31 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.00 | 0.00 | 1.62 | 1.62 | 8.56 | 8.56 |
| 32 | चंडीगढ़ | 5.82 | 6.07 | 0.26 | 0.10 | 1.84 | 2.02 |
| 33 | दादर एवं नगर हवेली | 0.41 | 0.41 | 3.74 | 3.74 | 0.22 | 0.22 |
| 34 | दमन और दीव | 0.56 | 0.56 | 0.24 | 0.24 | 1.28 | 1.28 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 7.32 | 7.32 | 0.00 | 0.00 |
| 36 | पुदुचेरी | 28.32 | 28.78 | 0.16 | 0.16 | 78.21 | 90.34 |
| | सकल योग | 7135.34 | 7105.78 | **2568.83** | 2608.41 | **11646.63** | 11821.35 |

नोट: *इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्य नहीं कर रहा है;

हो सकता है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं।

स्रोत: रोजगार महानिदेशालय द्वारा संकलित रोजगार कार्यालय सांख्यिकी,

राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के आधार पर एमओएलएंडई।

शून्य आंकड़ों में ऐसे मामले शामिल हैं जहां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कोई आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं।

**अनुबंध II**

**राज्य सभा के दिनांक 02-12-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 580 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**देश में रोजगार कार्यालयों के माध्यम से नियोजित रोजगार चाहने वालों का उपलब्ध सीमा तक श्रेणी-वार विवरण।**

(संख्या में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अनुसूचित जाति (अजा) | | अनुसूचित जनजाति (अजजा) | | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2016** | **2017** | **2016** | **2017** | **2016** | **2017** |
| नियोजन | 29179 | 31259 | 26901 | 33100 | 8664 | 5042 |

स्रोत: राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के आधार पर रोजगार महानिदेशालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संकलित रोजगार कार्यालय सांख्यिकी।

**देश में रोजगार चाहने वाले विकलांगों (दिव्यांग) का उपलब्ध सीमा तक पंजीकरण और नियोजन**

(हजार में)

| | सभी रोजगार कार्यालय | | दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार कार्यालय | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2016** | **2017** | **2016** | **2017** |
| पंजीकरण | 38.7 | 32.1 | 3.78 | 2.79 |
| नियोजन | 3.1 | 2.2 | 0.13 | 0.07 |

स्रोत: राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के आधार पर रोजगार महानिदेशालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संकलित रोजगार कार्यालय सांख्यिकी।